**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाने का प्रकरण**

### सात दिन में नए सिरे से शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

## कलेक्टर के शपथ पत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ

### ऐसा न करने पर व्यक्तिगत रूप से होना पड़ेगा हाजिर

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर को सात दिन में नए सिरे से शपथ पत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि ऐसा न किए जाने पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने को तैयार रहें। कोर्ट ने साफ किया कि याचिकाकर्ता ने मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम में निगमायुक्त द्वारा बसों में डीजल भरवाए जाने का मुद्दा उठाकर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को उजागर किया है। कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में कलेक्टर जबलपुर की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र संतोषजनक नहीं पाया गया। इसलिए उन्हें एक अवसर और दिया जा रहा है। इसके जरिए वे साफ करें कि प्रश्नगत कार्यक्रम नगर निगम का कैसे था। इसके अलावा नगर निगम को सार्वजनिक धन को विनियोजित करने और अधिग्रहित बसों में डीजल भरने की क्या आवश्यकता थी। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। जबलपुर निवासी सुगम चंद्र जैन की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री का सम्मान कार्यक्रम तीन जनवरी को जबलपुर में किया गया था। सम्मान समारोह के लिए अधिग्रहित बसों में आईएसबीटी बस स्टैंड के समीप स्थित पेट्रोल पंप से डीजर



भरवाया गया था। अधिग्रहित बसों में डीजल भरने के लिए नगर निगमायुक्त ने खाद्य अधिकारी को व्यक्तिगत से भेजा था। अधिग्रहित बसों में लगभग छह लाख रुपये का डीजल भरा गया था। निगमायुक्त के द्वारा बताया गया कि संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी के कार्यालय की ओर से बसों में डीजल भरवाने कहा गया था। अगस्त, 2024 में बिल भुगतान के लिए संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी व निगमायुक्त से संपर्क किया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से निगमायुक्त को राशि भुगतान करने के संबंध में लिखित निर्देश दिए गए थे।

### हाई कोर्ट ने बिजली कंपनी को तृतीय उच्च वेतनमान के निर्देश दिए

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को कहा कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त कर्मी को तृतीय उच्च वेतनमान प्रदान किया जाए।जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिए।जबलपुर निवासी रामसिंह राठौर की ओर से अधिवक्ता डा.एकनाथ ज्योतिषी व कल्पना ज्योतिषी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्ति के बाद तृतीय उच्च वेतनमान का लाभ चाहिए। विभाग का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद यह लाभ नहीं दिया जा सकता। याचिकाकर्ता वाहन चालक के पद से सितंबर, 2017 में सेवानिवृत्त हुआ था। कंपनी द्वारा दिसंबर, 2015 से तृतीय उच्च वेतनमान 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिए जाने का आदेश जारी किया गया था। याचिकाकर्ता ने फरवरी, 1984 से नवंबर, 1988 तक कार्यभारित वाहन चालक के पद पर कार्य किया। इस अवधि को विद्युत मंडल के आदेश के अंतर्गत नियमित सेवा में जोड़ने की व्यवस्था दी गई थी। इस तरह याचिकाकर्ता 2014 में ही 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुका था। इसलिए उच्च वेतनमान का अधिकारी है।



## आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन

**जबलपुर।** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में सोमवार को 16 वर्ष की आयु तक के 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. एल. एल. अहिरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में शिशु एवं बालरोग विभाग की चिकित्सक डॉ गीता पांडे द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण बिंदु पिलाया गया। स्वर्ण बिंदु का निर्माण गौ घृत एवं शहद के मिश्रण से किया जाता है, जिसकी प्रत्येक बूंद में 1.6 ग्राम स्वर्ण भस्म की मात्रा होती है। डॉ अहिरवाल ने स्वर्ण बिंदु से मिलने वाले फायदों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों के वर्ण को निखारता है और उनकी हाइट, हेल्थ एवं पाचन क्रिया के लिए भी लाभदायक होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा कमजोर याददाश्त एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बच्चों पर भी इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। महाविद्यालय में स्वर्ण प्रश्न कार्यक्रम वर्ष 2014 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

## टेलीकाम भूमि के व्यवसायिक उपयोग की मांग गलत

**ग्रीन बेल्ट में शामिल कर ईकोलॉजी पर बनाए जाने की मांग**

**जबलपुर।** टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि को कमर्शियल उपयोग करने की मांग को गलत बताते हुये नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिश्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर संघ ने इस भूमि पर लगे 20 हजार पेड़ों को तथा कमर्शियल उपयोग में लाने का घोर विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि महाकौश उद्योग संघ ने 8 मार्च को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से मांग उठाई थी कि टेलीकाम फैक्ट्री के भूमि पर सेमी कन्डक्टर, उर्वरक कारखाना या डिफेन्स कलस्टर की मदर इंडस्ट्री निर्मित की जाए। इसके पूर्व में भी एक और संस्था ने इस भूमि पर सेमी कंडक्टर फैक्ट्री बनाने की मांग की थी। डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि इस भूमि के मौजा हिनौतिया, सुभाष नगर सुनारवाड़ी के खसरा नम्बर 281 आदि से नजदीकी अनेको खसरों को पूर्व में ही वर्ष 2021 के जबलपुर के मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट एरिया घोषित किया गया है. अब इसका विस्तार कर टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि को नये मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट में शामिल विस्तार कर टेलीकाम फैक्ट्री की भूमि नये मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट में शामिल होना चाहिये. ऐसा आवेदन टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग को भेजा गया है।माननीय हाईकोर्ट ने भी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को इस आवेदन को विचारार्थ लेने के निर्देश जारी किये हैं. इसे मद्देनजर इस भूमि को मास्टर प्लान के ग्रीन बेल्ट के तहत शामिल कर वहां ईकोलाजी पार्क बनाना उचित होगा. इसी से जबलपुर का ऑक्सीजन टैंक तथा वहां के 20 हजार पेड़ बरकरार रहेंगे।बैठक में रजत भार्गव, टीके राय घटक, सुभाष चंद्रा, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, संतोष चौरसिया, एड वेदप्रकाश अधौलिया, जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा नदी में जल सत्याग्रह, पेंशनर्स की 5 सूत्रीय मांगें उठाईं



जबलपुर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और कार्यवाहक प्रगत अध्यक्ष एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में आज जिले के विभिन्न विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों ने नर्मदा नदी में जल सत्याग्रह किया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक नर्मदा के जल में खड़े होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और मध्यप्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पेंशनर्स के अधिकारों के लिए 5 प्रमुख मांगें रखीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एच.पी. उरमलिया, शेषमणि पांडे, एम.एल. चौकसे, विजय चौकसे, आर.पी. चौथे, आर.के. श्रीवास्तव, बी.एस.पी. गीर, सी.एल. दोहरे, ए.के. शुक्ला, गोपाल प्रसाद विश्वकर्मा, एस.पी. शुक्ला, एस.के. खरे, सतीश राय, डा. एस.बी. सिंह, जी.पी. सरावे, सी.बी. दुबे, राधारमण तिवारी सहित सैकड़ों पेंशनर्स ने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में उरमलिया ने नर्मदा का पूजन-अर्चन किया और प्रसाद वितरित किया। प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को पेंशनर्स के हित में समाप्त किया जाए। केंद्र के समान राज्य के पेंशनर्स को भी देय तिथि से मंहगाई राहत का भुगतान किया जाए। वर्तमान में 3 प्रतिशत मंहगाई राहत जुलाई 2024 से लंबित है, इसे एरियर के साथ शीघ्र जारी किया जाए।

### नगर निगम के जोन कार्यालय गढ़ा में भीषण आग

**कार्यालय का रिकॉर्ड हुआ जलकर खाक**

**हरिभूमि जबलपुर।** नगर निगम कार्यालय के जोन गढ़ा कार्यालय भीषण आग की चपेट में आ जाने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। गढ़ा बजरिया स्थित जोन कार्यालय में अचानक आग लगने पूरा क्षेत्र दहशत में आ गया। आग इतनी भीषण थी की देखते ही देखते उसने उग्र रूप ले लिया. खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा. उल्लेखनीय है कि नगर निगम के जोन कार्यालय गढ़ा में अचानक आग लगने से आम जन चौक गया घटना लगभग 10 बजे की बताई जा रहीं है. आग लगने के बाद कार्यालय में रखी फ़ाइल और रिकार्ड धू धू कर जलने लगे जिससे आग की लपटे और तेज हो गई.आग को काबू करने पहुंची दमकल की टीम को भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा.आग बुझाने के दौरान फायर बिग्रेड की आठ गाडियां लग गई तब कही जाकर आग पर काबू पाया जा सका, आग की खबर सुनकर मौक़े पर निगमायुक्त प्रीति यादव के साथ अन्य अधिकारियो भी पहुंच गए।



### समाजसेवी महिलाओं को सशक्त नारी सम्मान मिला

**मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने किया कार्यक्रम**

**जबलपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने अपने कार्यालय में सामाजिक संस्थाओं की महिलाओं को सम्मानित किया, ये महिलायें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि पर कार्य कर रही हैं। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा और सामाजिक योगदान को सम्मान देना था, मयूर मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक गोविंद बिसेन ने कहा ये महिलाएं हमारे समाज की सच्ची शक्ति हैं इनकी मेहनत और समर्पण से हमारा समाज और भी मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुशील सिंह उरेती उपस्थित रहे। सम्मानित महिलाओं में भूमिका दुबे, आशा जायसवाल, ज्योति गौंटिया, सारिका सिंह, विनीता कुशवाह, प्रीति ठाकुर, नीलम मानेकर, ऋचा सैनी, रिया ओबेराय, ख़ुशी पटेल, वर्षा गायकवाड़, सोनिया, श्रद्धा मलिक, श्रीजा बघेल, शुभा मिश्रा आदि रहीं जो कि अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट काम कर रही हैं, उन्हें सम्मानित करते हुए मयूर मेमोरियल ट्रस्ट ने इनकी प्रतिभा और सामाजिक योगदान को सराहा है। ट्रस्ट ने सामाजिक कार्यक्रम में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने का वादा किया है,

### आदिवासी की जमीन नियम विरुद्ध हस्तांतरित करने व बेचने की शिकायत पर करें कार्रवाई

**हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर कलेक्टर को दिए निर्देश**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने आदिवासी की जमीन नियमविरुद्ध तरीके से हस्तांतरित करने और बेचने की शिकायत पर विधि अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने जबलपुर कलेक्टर को सभी संबंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देकर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा है। जनहित याचिकाकर्ता जन संघर्ष मोर्चा जबलपुर के उपाध्यक्ष अभिलाष पटैल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी व अधिवक्ता दिव्यानी चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गौरीघाट के जिलहरी घाट स्थित खसरा क्रमांक 85 की जमीन झाईलाल गौंड के नाम पर दर्ज थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि झाईलाल की मृत्यु हो गई है। उसने अपने जीवनकाल में कभी भी कोई रजिस्टर्ड डीड नहीं की। इसके बावजूद तहसीलदार व एसडीएम की मिलीभगत से यह जमीन मोहित नायक, राजेश अशरानी व अन्य को बेच दी गई। नियमानुसार किसी भी आदिवासी की जमीन कलेक्टर की अनुमति बिना या रजिस्टर्ड डीड के बिना हस्तांतरित नहीं की जा सकती। इस संबंध में मोर्चा ने शिकायत की थी। एसडीएम ने 30 अप्रैल, 2023 को यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि वह प्रभावित पक्ष नहीं है। जनहित याचिका में मांग की गई कि आदिवासी की जमीन को खुर्दबुर्द करने वाले तहसीलदार, एसडीएम व अन्य राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। यह मांग भी की गई कि उक्त संपत्ति के विक्रय को निरस्त कर सरकार अपने अधीन ले। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर दिए।

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी (2025-26) हेतु मनोनीत राष्ट्रीय पदाधिकारी देवेंद्र कांसल राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनय जैन राष्ट्रीय महासचिव, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का सम्मान समारोह मंगलवार 11 मार्च 2025, सायं 7.30 बजे, डी.एन. जैन स्कूल परिसर, गोलबाजार जबलपुर में आयोजित है, जिसमें विशिष्ट अतिथि कैलाशचंद जैन अध्यक्ष - दि. जैन पंचायत सभा जबलपुर, सतेन्द्र जैन 'जुग्गू' अध्यक्ष डी.एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी, अभिषेक विनायका कांफ्रेंस सेक्रेटरी अधिवेशन होंगे। महाकौशल विंध्य रीजन के अध्यक्ष प्रदीप- ममता जैन, सचिव साधना-दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष हेमन्त-सपना जैन एवं जबलपुर के समस्त जैन सोशल ग्रुपों ने समस्त सोशल ग्रुप सदस्यों से सक्रिय सहभागिता करने एवं सभी जैन मंदिर समितियों से उपस्थिति की अपील की है। अतिथिगण दोपहिया वाहन रैली के साथ रानीताल स्टेडियम से सायं 7 बजे डी.एन. जैन परिसर के लिए रवाना होंगे।

## महिला दिवस पर लगाया पर्यटन संरक्षण मेला

### 400 महिलाओं के कौशल को प्रदर्शित करते सामानों के 25 स्टॉल लगाए गए

**जबलपुर।** महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी, ऑरेंज अम्ब्रेला महिला संघ एवं बायपास संस्थान द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत महिला सम्मेलन और मेले का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लगभग 400 महिलाओं ने भागीदारी की। मेले में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा मोमोस, साउथ इंडियन और नार्थ-इंडियन नाश्ते, बेकरी आयटम, फ्रूट सलाद, चाट-फुलकी, बच्चों के खिलौने, कपड़े के बैग, मेहंदी, बुटीक के सामान, मनिहारी और सजावटी सामान आदि के 25 स्टॉल लगाए गए। गाइड विधा में प्रशिक्षित लड़कियों द्वारा भेड़ाघाट और जबलपुर के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। पंजीयन और स्टॉल आदि की व्यवस्था फ्रन्ट ऑफिस विधा में प्रशिक्षित युवतियों ने संभाली। जहां एक ओर महिलाओं ने खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया वहीं दूसरी ओर मेहंदी स्टॉल पर भी महिलाओं की अच्छी भीड़ रही। बच्चों



के खिलौने, बैग, कपड़े, मनिहारी और सजावटी सामान की भी बिक्री महिलाओं ने की। महिलाओं ने खेलकूद और गाने की कला का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ गुलाल खेलकर किया गया।

यूथ हॉस्टल प्रांगण में सम्पन्न इस मेले में पधारे विधायक अभिलाष पांडे ने शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलने पर बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिसका लाभ अब मैदानी स्तर पर भी दिख रहा है। उन्होंने महिलाओं को क्लब और समूह बनाकर शासन की योजनाओं से जुडने के लिए प्रेरित किया और स्टार्टअप और टेक्सटाइल सेक्टर में आने पर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया।

बरगी विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है अब बारी है बराबरी में साथ आने की। महिलाओं की पुरुषों के साथ कोई मुकाबला नहीं है बल्कि सहभागिता है। कार्यक्रम में नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, डॉ. नंदिता पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, जेएटीसीसी जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर, रूपा राव जबलपुर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष, स्वाती सिंह उपाध्यक्ष जबलपुर भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी और अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का सफलआयोजन हेमंत सिंह सीईओ जेएटीसीसी के मार्गदर्शन में हुआ। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और खरीददारी की तथा मेले का आनंद उठाया। कार्यक्रम में परियोजना अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली महिला ताइक्वांडो प्रशिक्षकों को सम्मान पत्र भी प्रदान किये गए। प्रकाश राय एवं आनंदिता ठाकुर आभार प्रदर्शन बाईपास संस्था के विवेक दीक्षित के द्वारा किया गया।



## जनभागीदारी समिति की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजित

# ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की आशा का केंद्र है शासकीय महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक का आयोजन विधायक संतोष बरकड़े के मुख्य आतिथ्य एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर की अध्यक्षता में किया गया। समिति की बैठक में मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि सिहोरा महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की उम्मीदों का केंद्र है। इस महाविद्यालय के विकास और उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष ने नए विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने और खेलकूद सुविधाओं के विकास का संकल्प समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

### समिति ने किए अनेक प्रस्ताव पास

जनभागीदारी समिति ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रस्ताव स्वीकृत किये। बैठक में महाविद्यालय के सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान विकसित करने,स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण,एम.कॉम.नए विषयों में एम ए एवं एम एससी विषय प्रारम्भ करने, कंप्यूटर सेंटर हेतु भवन निर्माण के प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।समिति ने सर्वसम्मति से जनभागीदारी अतिथि विद्वानों, अंशकालीन कर्मियों, आमंत्रित व्याख्याताओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि को स्वीकृति प्रदान की।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, पार्षद श्रीमती रीता शुक्ला, अभिषेक परौहा, माधव मिश्रा, शिशिर पांडे, पुष्पराज सिंह बघेल, अमित गर्ग, विनोद खत्री, अनुपम सराफ, सुश्री राशि असाटी, छत्रपाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।



# हाईकोर्ट के कर्मचारियों ने कराया रोज़ा अफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र हाईकोर्ट में कार्यरत मुस्लिम अधिकारियों व कर्मचारियों ने कचहरी वाले बाबा की दरगाह में रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया। रोजा अफ्तार में इकबाल कमाल, रोशन चौहान, कुदरत खान, बाबर मिर्जा, मंजूर अंसारी, हाजी मुईन खान, तजम्मुल खान, हशमत हुसैन, सफदर अली, मोहसिन क़ुरैशी, मो. शहरयार, ताबिश खान, आसिफ खान, नदीम अहमद, एड.मो. अली, एसडी खान, शाहिद खान, डॉ. मुईन अंसारी, फैजान क़ुरैशी, अशफाक आरिफ सहित सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।

### मुस्लिम विकास परिषद ने कराया दूसरा रोज़ा अफ्तार, तीसरा अफ्तार शीध्र

मुस्लिम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान के चलते मप्र मुस्लिम विकास परिषद द्वारा चार खम्बा स्थित बारात घर में द्वितीय रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। तीसरा रोजा अफ्तार श्रीध ही आयोजित किया जायेगा। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष शायर शेख निजामी के संयोजन में तथा जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, मतीन अंसारी, एसके मुददीन, प्यारे साहब, डॉ. मुस्तकीम रजा की अतिथि में आयोजित द्वितीय अफ्तार में सैकड़ों रोज़ेदारों ने सामुहिक रूप से अफ्तार कर मगरिब की नमाज अदा कर देश में अमन शांति, खुशहाली और तरक्की की दुआएं की।
रोजा अफ्तार में मुस्लिम विकास परिषद के मामूर गुड्डू, एड. अकबर उस्मानी, अशफाक आरिफ, गुलाम साबरी, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, मिर्जा जावेद, जावेद राइन, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, इकबाल चांद खां, अशरफ कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, गुलाम किबरिया, अलीम मंसूरी, एड. निसार अंसारी, अहमद रजा, इस्लाम अली, नोशाद खलीफा, बब्लू कुरैशी, शेख निजामी, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मुख्तार अंसारी, मुजीब अंसारी, मुनीर अंसारी, निसार मंसूरी, सोहेल खान, असीम राजा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## थाना और एसडीएम को लिखित शिकायत

# पशु चिकित्सालय के कुत्ते से नगर वासी भयभीत



**पाटन।** पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉ सरला सिंह अपने निवास स्थान घर पर एक जहरीले कुत्ते को पाल रखा है और इनके कुत्ता का आतंक बहुत ज्यादा आजकल देखने मिल रहा है पाटन निवासी पवन वर्मन ने बताया कि वो किसी काम से पशु चिकित्सालय गया था तभी उसके पास जहरीला कुत्ता आया और काटने के उद्देश्य से कुत्ता लिपट गया और काटने की कोशिश की तो पवन वर्मन डर के कारण बस स्टेंड तरफ दौड़ लगाई तब कही कुत्ते से छुटकारा मिला। पवन वर्मन ने एक लिखित शिकायत जिसमें पाटन नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा लिखित शिकायत में हस्ताक्षर कर अ नु वि भा गी य अधिकारी राजस्व मानवेंद्र सिंह राजपूत एवं पुलिस थाने में शिकायत की गई है। जिसमें दीपक जैन, पार्षद धर्मेंद्र, योगेंद्र सेन, भोले सेन, चंदू सेन, गिरधारी, सोमेश, वैभव आदि लोगों द्वारा लिखित शिकायत की गई है जिसमें बताया गया है कि इस जहरीले कुत्ते को टीके लगाए जावे और डॉ साहिबा सरला सिंह अपन पालतू कुत्ते को घर के अंदर जंजीर से बांधकर रखे।

## लोक अदालत में हुई सुलह

# आपसी सहमति से हुआ प्रकरणों का निराकरण



**पाटन।** नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण जिसमे अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल कोर्ट की 4 खंड पीठों में लोक अदालत का आयोजन किया गया था। जिसमें माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 08/03/2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ।

ओमप्रकाश रजक, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति पाटन द्वारा श्री दशरथ सिंह भिड़े, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती रितिका शर्मा खरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड एवं श्रीमती उजाला शुक्ला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह, ठाकुर अध्यक्ष सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव अधिवक्ता संघ, अधिवक्ता महोदय राम सिंह लोधी एस आर व्यास एस डी बैरागी एम एल शर्मा आर पी खंपरिया अभिषेक अग्रवाल संदीप पटेल महेंद्र पाठक केशव प्रताप सिंह देवराज सिंह वीरेंद्र सिंह ठाकुर सुरेंद्र सिंह ठाकुर हिरेंद्र सिंह एवं समस्त अधिवक्तागणों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन एवं माॅ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

तहसील न्यायालय पाटन में गठित कुल 05 खंडपीठों द्वारा निम्नानुसार प्रकरणों का निराकरण किया गया है । जिसमें 802 प्रकरण रैफर्ड किये गये, 110 प्रकरण निराकृत हुये तथा तथा 73,20,346/- का अवार्ड पारित हुआ ।



# जैन महिला परिषद ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**सिहोरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा की महिलाओं द्वारा बड़े जैन मंदिर में नारी शक्तियों का सम्मान एवं महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बहनों ने महिला दिवस पर अपने विचार रखे। सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षा साहित्य एवं बाकी सभी क्षेत्रों में अग्रसर रहने वाली सम्मानित महिलाओं में श्रीमति आशा चौधरी, श्रीमति अंजना सराफ, श्रीमति कृष्णा सरावगी, श्रीमति संगीता ग्रोवर, श्रीमति सारिका साहू को माला पहनाकर एंव पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सर्वप्रथम सभी बहनों ने आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी की फोटो के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया एवं श्रीमति दीप्ति जैन द्वारा मंगलाचरण किया गया और कुमारी समृद्धि जैन द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद की अध्यक्ष श्रीमती जयश्री जैन, श्रीमती रानी जैन, श्रीमती सारिका जैन, श्रीमती आशा जैन, विजया जैन, किरण जैन, ममता जैन, अनिता जैन, ऊषा जैन, संध्या जैन, सुधा जैन, अनिता जैन, अल्पना जैन, दीप्ति जैन, नीतू जैन, रूपाली जैन, शालिनी जैन, सरिता जैन सहित अनेक बहने उपस्थित थीं।

# मन की कमियों को दूर करने पर सफलता निश्चितः अजय विश्नोई



**पाटन।** सफलता प्राप्त करने का एक ही मंत्र है हम अपने मन में विद्यमान कमियों को दूर करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें जीवन में कोई भी पद धारण करें पर जीवन में मानवीय संवेदनाओं को भी जीवित रखें। पाटन क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई ने शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा प्राचार्य डॉक्टर समीर शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर एवं जनपद पंचायत पाटन और नगर परिषद पाटन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्यांग जनों के उपकरण वितरण शिविर के अवसर पर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए व्यक्त किए।

आयोजन में जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह उपाध्यक्ष देव कुमार यादव पार्षद गजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, राघवेंद्र यादव, प्रदीप पटेल, आदित्य नामदेव, सत्यम मेहरा और जन भागीदारी अध्यक्ष बलराम यादव, मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# महिला, छात्र और युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** रांझी, पाटन और केंट थाना क्षेत्रों में फांसी लगाने के तीन मामलें सामने आए है। रांझी में एक युवक ने, पाटन में एक महिला ने और बीएससी फाईनल पेपर में फेल होने के कारण एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेन रोड बाजार रांझी निवासी 22 वर्षीय रमन केशरवानी ने अपने घर पर फांसी लगा ली थी जिसे उपचार के लिए परिजनों ने अस्पाल में भर्ती कराया था जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। इसी तरह पाटन में ग्राम झामर मेढ़ी निवासी 33 वर्षीय दीपा बर्मन ने अपने घर की सीलिंग फैन में स्टॉल बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। इसी प्रकार खालसा स्कूल के अंदर सर्वेन्ट क्वाटर निवासी 24 वर्षीय प्रमोद सिंह गोंड बीएससी फाईनल में साईंस कॉलेज का छात्र था, जिसने इस वर्ष फेल हो जाने के कारण गत देर रात किचिन में लोहे के पाईप से गमछा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात लगभग 3.15 बजे उसकी मां राजकुमारी उठी तो देखी प्रमोद फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने शवों का पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# घर में घुसकर चाकू अड़ाकर रुपए और मोबाइल लूटा



**जबलपुर।** शहर में बदमाशों, लुटेरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। अब तो घर में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। कल रात 9 बजे रांझी थाना क्षेत्र मस्ताना चौक निवासी वृद्ध के घर में घुसकर तीन बदमाशों ने चाकू अड़ाकर जेब में रखे चार हजार रुपए सहित मोबाइल लूट लिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए।

घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मस्ताना चौक निवासी 55 वर्षीय मैकेनिक कमलजीत सिंह के घर गत रात लगभग 9 बजे प्रतीक उर्फ बिल्लू जायसवाल अपने दो साथियों के साथ दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और प्रतीक जायसवाल ने उसके पेट में चाकू अड़ा लिया और उसके दोनों साथियों ने उसकी पेंट की जेब में रखे 4 हजार रूपये तथा वीवो कम्पनी का मोबाइल जबरदस्ती निकाल लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आए पीड़ित के बेटे लवप्रीत सिंह एवं गुरूप्रीत सिंह को भी बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 333, 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# मुफ्त में शराब नहीं देने पर कर्मचारी के साथ मारपीट

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत गांधीग्राम बुढ़ागर में शराब दुकान के सामने खड़े एक मैनेजर पर बाईक से आए दो बदमाशों ने शराब महंगी बेचने और शराब पीने के लिए फ्री में बॉटल की मांग करते हुए गालीगलौज व झूमाझपटी की इस दौरान बीच बचाव करने आए कर्मचारी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम बुढ़ागर निवासी 54 वर्षीय मैनेजर प्रवेन्द्र दुबे गत शाम लगभग 7 बजे शराब दुकान के सामने खड़ा था, तभी मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये जिनमें से एक व्यक्ति उसके पास आया और तुम शराब दुकान के मैनेजर हो शराब महंगी बेच रहे हो कहते हुये शराब पीन के लिये पैसे और फ्री में शराब की बॉटल की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो, उसके साथ गाली गलोज करते हुये झूमाझपटी करने लगा। उसके कर्मचारी विवेक सिंह ने बीच बचाव किया तो विवेक सिंह के साथ मारपीट कर सीना, कमर, पीठ में चोटें पहुंचा दी। उक्त व्यक्ति का साथी अपने दूसरे साथी को कन्हैया नाम से पुकार रहा था। दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाईक में बैठकर भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# सड़क दुर्घटना में आरक्षक व उसकी पत्नी घायल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत एनएच 45 जबलपुर हाईवा रोड मनकेड़ी के पास रॉन्ग साईड से आ रही एक कार ने एक आरक्षक की कार में टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी को चोटें आ गई वहीं उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रिका अपार्टमेंट आमनपुर मदनमहल निवासी 36 वर्षीय राकेश कुमार थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। गत दिवस वह अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 9136 से अपनी पत्नी शिखा, बहन रश्मि एवं बच्चों के साथ गाडरवारा जिला नरसिंहपुर जा रहा था। शाम लगभग 5.30 बजे एन एच 45 जबलपुर हाईवे रोड मनकेड़ी के पास पहुंचा, तभी रॉन्ग साईड से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 0707 के चालक ने उसकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उसे तथा पत्नी शिखा को माथा एवं हाथ में चोटें आ गयी है, और उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### *तालाब में डूबने से दो किशोर की हुई मृत्यु पर आयोग ने संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन*

**जबलपुर।** शहर के गोपालबाग तलैया में दो स्कूली बच्चों की तालाब में नहाने के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद तालाब में नहाने गये, जहां गहरे पानी में जाने से दोनों बच्चें उसमें डूब गये और दोनों मासूम की मृत्यु हो गई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना अनुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।




**श्री ब्रजेश चंद्र झा-** लालमाटी चुंगी चौकी निवासी श्री ब्रजेश चंद्र झा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पंकज गुप्ता-** गोरखपुर निवासी श्री हरि नारायण गुप्ता के पुत्र श्री पंकज गुप्ता (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती केसर बाई कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री खेमचंद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती केसर बाई कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महावीर कोल-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री महावीर कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री छोटे लाल कुशवाहा-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री छोटे लाल कुशवाहा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू शर्मा-** नई बस्ती सिद्धनगर खेरमाई वार्ड निवासी श्री शंकर दयाल शर्मा के पुत्र श्री राजू शर्मा (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्णा केशरवानी-** रांझी दर्शन तिराहा निवासी श्री राम गोपाल केशरवानी के पुत्र श्री कृष्णा केशरवानी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ललित कुमार बरुआ-** मोहित टाउनशिप ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री ललित कुमार बरुआ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः- 9303508294, 9407362100

**पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा**

# भारतीय उच्चायुक्त का दावा- रुपे, यूपीआई समेत कई महत्वपूर्ण समझौते होंगे
# मॉरीशस के नागरिकों को भारत में डिजिटल भुगतान करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुइस

भारत और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव ने दी है। भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को मॉरीशस में लॉन्च किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और बढ़ेगा, खासकर पर्यटन और चिकित्सा यात्राओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपे और यूपीआई से भारतीय पर्यटकों को मॉरीशस में और मॉरीशस के नागरिकों को भारत में आसानी से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा जो भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं।

*द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए होगी चर्चा*

*दोनों के बीच 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार*


फाइल फोटो

### व्यापारिक संबंध होंगे और मजबूत

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। पीएम की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। बता दें, साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। जिसमें से भारत से मॉरीशस 778.03 मिलियन डॉलर का निर्यात रहा वहीं, मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

### मॉरीशस खेल उद्योग में निवेश कर रहा

*मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम देश के कुल ऋण को जीडीपी के 83% से घटाकर 60% तक लाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे विकास भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, मॉरीशस अपने अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए नए क्षेत्रों जैसे खेल उद्योग में भी निवेश कर रहा है।*

### एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने पर चर्चा



अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई मुद्दों पर समझौता होने की संभावना है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए समझौता, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए सहयोग, इसके साथ छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को समर्थन देना और मानव संसाधन और कुशल श्रमिकों के आदान-प्रदान पर चर्चा भी होनी है।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी मॉरीशस में भारतीय सहायता से निर्मित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसमें पहला सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए- सिविल सर्विस कॉलेज प्रोजेक्ट और दूसरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एरिया हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट शामिल है। पीएम मोदी मॉरीशस में सर शिव सागर गुलाम की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा, वे गंगा तालाब भी जाएंगे, जो मॉरीशस के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह यात्रा पीएम मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी, जब से नवीन रामगुलाम सरकार ने पिछले नवंबर में कार्यभार संभाला है।

---

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर गिरफ्तार



**तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने अंतराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है, जिसकी तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी काफी समय से थी। शहनाज सिंह ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमेरिका में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज सिंह भारत भाग गया था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उसका पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नेपाल में फिर से उठी राजशाही की मांग



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही वे त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए। भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था 'हमें अपना राजा वापस चाहिए', 'गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुनः स्थापित करो', 'राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।'

---

## खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नए पीएम
# भारत के लिए खुशखबर, अब सुधरेंगे संबंध वे रिश्ते मजबूत करने की कर चुके हैं पैरवी


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी मार्क कार्नी को रविवार देर रात कनाडा का नया पीएम चुन लिया गया है। पार्टी ने सोमवार को अपने ऐलान में कहा कि कार्नी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी के अध्यक्ष सचित मेहरा ने लिबरल नेतृत्व की दौड़ में ब्रिटेन और कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख मार्क कार्नी की जीत की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जोकि कुल मतों का लगभग 85.9% है।

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को मात दी। क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 11,134 वोट मिले, करीना गोल्ड को 4,785 वोट मिले और फ्रैंक बेलिस को 4,038 वोट मिले। जस्टिन ट्रूडो ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में खटास लाने के लिए कोई असर नहीं छोड़ी। लेकिन मार्क कार्नी इसे बेहतर बना सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारत और कनाडा के संबंध एक बार फिर से सुधरेंगे क्योंकि कार्नी वहीं शख्स हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ रिश्ते फिर से मजबूत करने चाहिए।

### कनाडा किसी भी तरह अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

**खास बातें**
- कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जो कुल मतों का 85.9% है
- कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं




पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे। कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता। कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा कि हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं। इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है। अमेरिका कनाडा नहीं है, कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

### ट्रूडो ने छोड़ा पद



जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है। बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया पीएम चुनने को कह दिया था।

### 2012 में ठुकराया था वित्त मंत्री का पद

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन टाइम ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें 'सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर' घोषित किया। साल 2013 में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन पीएम स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

---

## ललित मोदी को लगा बड़ा झटका
# वानुअतु के पीएम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल वानुअतु देश के पीएम ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। ललित मोदी के पास वानुअतु की नागरिकता है। अब वानुअतु के पीएम द्वारा ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब ललित मोदी ने हाल ही में भारत की नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया था कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। जायसवाल ने बताया था कि हमें पता चला है कि उनके पास वानुअतु की नागरिकता है।

### मनी लॉन्ड्रिंग के हैं आरोप


ललित मोदी आईपीएल के पूर्व चेयरमैन रहे हैं और उन्हें ही आईपीएल की सफलता का मुख्य रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि साल 2009 में आईपीएल के टीवी अधिकारों के 425 करोड़ रुपए के समझौते में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ जांच चल रही है। मई 2010 में ललित मोदी लंदन भाग गए थे। इसके बाद उन्हें बीसीसीआई ने बर्खास्त कर दिया था। ललित मोदी पर टीमों की नीलामी में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। इस पर बीसीसीआई ने भी ललित मोदी के खिलाफ जांच की और दोषी पाए जाने के बाद उन्हें साल 2013 में आजीवन प्रतिबंधित कर दिया था। साल 2015 में ललित मोदी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

### नागरिकता के लिए वानुअतु में करना होता है निवेश

वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है। वानुअतु में नागरिकता पाने की न्यूनतम लागत 1.55 लाख डॉलर के करीब है। वानुअतु में निवेश के बदले महज 30-60 दिनों में ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। वानुअतु के कुल राजस्व में नागरिकता के बदले मिले राजस्व की हिस्सेदारी 30 फीसदी है।

---

## बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा



**लाहौर स्पिति।** हिमाचल प्रदेश के लाहौर स्पिति जिले के मदगरण गांव में शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालुगण। स्थानीय मान्यता के अनुसार यूर त्यौहार के दौरान ग्रामीण बर्फबारी के बाद 12 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

---

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा पहुंची न्यूयॉर्क
# महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास की योजनाओं को करेंगी पेश

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाले 69वें महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जारी बयान के अनुसार, सत्र सोमवार को शुरू हुआ इसमें लैंगिक समानता व महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में हुई प्रगति पर बात हुई।

इस साल का सत्र खास है क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दूरदर्शी एजेंडे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच के 30 साल पूरे होने के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का सत्र 10 से 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी इस सत्र में भारत की तरफ से राष्ट्रीय वक्तव्य देंगी। इसमें वे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सरकार की पहल और योजनाओं को पेश करेंगी। वे इस दौरान वे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच सहित संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास एजेंडे को लागू करने की रफ्तार को तेज करने और इसके लिए संसाधनों को सुनिश्चित करने पर होने वाली अहम बातचीत में भी शामिल होंगी।



---

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे भारत

# पीएम मोदी के साथ करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी विस्तृत चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम के तौर पर क्रिस्टोफर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। उसी दिन उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का कार्यक्रम है।



### 19-20 मार्च को मुंबई का करेंगे दौरा

पीएम लक्सन 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। वे 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम लक्सन की यात्रा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

---

## गुलमर्ग में फैशन शो कराना पड़ा भारी
# आयोजकों ने मांगी माफी, सोशल मीडिया से वीडियो कर दिए डिलीट

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले आयोजकों को भारी पड़ा गया। हंगामे और भारी विरोध के बाद फैशन डिजाइनर शिवन और नरेश ने माफी मांग ली है। डिजाइनरों को कहना है कि रमजान के दौरान फैशन शो आयोजित किए जाने से लोगों को ठेस पहुंची है, उसके लिए हमें गहरा खेद है। हमारा एकमात्र मकसद क्रिएटिविटी का जश्न मनाना था। डिजाइनर जोड़ी शिवम और नरेश द्वारा आयोजित एले इंडिया फैशन शो में मॉडल बर्फ से ढके रैंप पर चलते हुए दिखाई दिए। ये वीडियो एले ने अपने इंस्टाग्राम थ्रेड्स अकाउंट पर पोस्ट किया था, बाद में इसे हटा दिया गया है।



### सीएम अबदुल्ला ने दिए जांच के आदेश

कई कश्मीरी राजनीतिक नेताओं और सोशल मीडिया पर लोगों ने इस घटना को अश्लील बताया, क्योंकि यह रमजान के महीने के दौरान हुई। इस विवाद पर सीएम उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने कहा कि आयोजकों पर गुस्सा करते हुए आदेश दिया कि 24 घंटे के अंदर एक रिपोर्ट पेश की जाए, जिसके आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुलमर्ग में फैशन शो को लेकर हंगामा हुआ।

---

## कोरियन युवतियों के खाने में मिला देता था नींद की दवा 'डेट रेप ड्रग'
# रेपिस्ट बालेश को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले सीरियल रेपिस्ट बालेश धनखड़ को ऑस्ट्रेलिया में 7 मार्च को 40 साल कैद की सजा सुनाई गई। उस पर ड्रग्स देकर 5 कोरियन महिलाओं से रेप और हिडन कैमरे से वीडियो बनाने समेत 39 आरोप साबित हुए। रेपिस्ट बालेश कोरियन युवतियों को रेप ड्रग देता था। यह ऐसा नशा है, जिसके बाद किसी को ये याद नहीं रहता कि उसके साथ क्या हुआ। बालेश युवतियों को डिनर के बहाने वाइन में यह ड्रग मिलाकर देता था। जिसके बाद उनके साथ रेप करता था। यही वजह रही कि कुछ कोरियन युवतियों का कहना था कि उनके साथ रेप हुआ या नहीं, इसका उन्हें पता नहीं चला। वह पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गईं थी। ऑस्ट्रेलिया में बालेश को 40 साल कैद की सजा होने के बाद यह खुलासा हुआ है। सिडनी कोर्ट में एक कोरियन युवती ने 8 अक्टूबर 2018 को ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद अपने साथ हुए रेप की घटना की आपबीती सुनाई थी। बालेश धनखड़ ने अलार्म घड़ी में हिडन कैमरा लगा रखा था। इसी से वह कोरियन युवतियों से रेप के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करता था। इस अलार्म घड़ी को बेड के सामने रखे टीवी के बराबर में सेट किया गया था। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद बालेश के अपार्टमेंट से ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को 47 वीडियो मिले थे। ये सभी रेप से जुड़े थे। ये वीडियो 95 मिनट तक के थे।

**खास बातें**
- ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को 47 वीडियो मिले
- ड्रग के बाद न रेप का पता चलता, न कुछ याद रहता
- नौकरी देने के बहाने से बुलाता था

### डेट रेप ड्रग, स्टिलनॉक्स और जोलपिडेम देकर फंसाता था



डेट रेप ड्रग का मेडिकल नाम रोहप्नोल है। वैसे तो इसे नींद की गोली के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि इसको लेकर हुए शोध में खुलासा हुआ कि यह दवा 'एंट्रोग्रेड एम्नेसिया' का भी कारण बनती है। इसका मतलब है कि दवा के सेवन के दौरान क्या हुआ, यह याद रखना मुश्किल होता है। इस दवा के असर से इंसान की याद रखने की क्षमता खत्म हो जाती है। इसी वजह से यूएसए में इसे बैन किया जा चुका है। इसमें न तो स्मेल होती है और न ही टेस्ट। इस वजह से इसको किसी चीज में मिक्स करने के बाद उसका पता नहीं चलता। यह भी पता चला कि रोहप्नोल के साथ वह युवतियों को स्टिलनॉक्स भी देता था। इसका सामान्य नाम जोलपिडेम भी है। इसके सेवन से चक्कर आने, सिरदर्द और कभी-कभी नींद में गाड़ी चलाने जैसा महसूस होता है। ऐसे में माना जा रहा है कि युवतियां खुद को बीमार समझें और रेप की तरफ ध्यान न जाए, इसलिए बालेश यह दवा भी उन्हें देता था।

### एक ही होटल और कोरियाई रेस्तरां का इस्तेमाल किया

*बालेश धनखड़ ने कोरियन युवतियों को फंसाने के लिए एक ही होटल, कैफे और रेस्तरां का इस्तेमाल किया। जब उसने एशिया पार्टनरशिप के नाम से फर्जी कंपनी खोल कोरियन से इंग्लिश ट्रांसलेटर की जॉब निकाली तो सबसे पहले युवतियों को होटल हिल्टन कैफे में बुलाया। यहां पर उनका इंटरव्यू लेने का बहाना बनाया। इसके बाद हर युवती को कोरियन रेस्तरां कोइबिटो में डिनर के लिए ऑफर दिया। जहां उन्हें सोजू, वाइन या कोरियाई पेय मकोली पिलाई गई। इसके बाद कभी ओपेरा हाउस दिखाने तो कभी कार की चाबी लाने के बहाने उन्हें अपने अपार्टमेंट में ले गया। वहां वाइन के बहाने उन्हें ड्रग्स मिक्स कर दे देता था।*

# रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां हो गई शुरू

## बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारियों की दुकानें सजी

**जबलपुर।** रंगों के पर्व होली को अब तीन दिन शेष रह गया है। बाजार में रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानदारों ने रंग-गुलाल, पिचकारियों के जो ऑर्डर बुक कराये थे, उनका माल अब आ चुका है। वहीं होलिका स्थापित करने वाली समितियों ने चंदा उगाही का धंधा शुरू कर दिया है। हर तरफ धीरे-धीरे होली के त्यौहार के आगमन की आहट सुनाई देने लगी है। रंगों के मदमस्त त्यौहार होली पर शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या भी अब गिनी चुनी रह गई है। ले-देकर गुंजन कला सदन की रसरंग महोत्सव धुरेड़ी की पूर्व संध्या पर होगा। अब फागों के मुकाबले नहीं के बराबर बचे हैं। दरअसल महंगाई ने लोगों के उत्साह पर लगाम लगा रखी है।



समस्याओं से बेजार लोगों के लिये अब त्यौहार क्या और आम दिन क्या, रोज दो वक्त की रोटी कमाने और बच्चों को पालने की फिक्र में बीतते हैं। आसमान छूती मंहगाई ने लोगों के उत्साह और उमंग पर पानी फेर दिया है। बच्चों में जरूर त्यौहारों पर उत्साह रहता है, लेकिन होली के त्यौहार के वक्त बोर्ड परीक्षाएं व कॉलेज स्तर की परीक्षाएं चल रही हैं। पढ़ाई लिखाई से दूर बेगारी, मुफलिसी में दिन काटने वालों के लिये जरूर खासकर होली का त्यौहार रोजगार का साधन बन जाते हैं। 5 रूपये के चंदे की रसीद खरीद कर हजारों रूपये की उगाही मोहल्ले के दादाओं के साथ की जाती है और मौजमस्ती, शराबखोरी में इन रूपयों पैसों को उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों ने अभी से अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में अरण्डी के पेड़ स्थापित कर दिये हैं। होलिका प्रतिमाओं का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। दो-चार दिनों से रंग-अबीर की दुकानें भी सज गई हैं।

# सेंट अलॉयसियस महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय जबलपुर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जबलपुर अस्पताल की निदेशक डॉ. ऋचा धीरावाणी थीं, उन्होंने सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण विषय पर बात की। डॉ. धीरावाणी ने अपने विचार साझा किए कि समानता हर जगह होनी चाहिए, क्योंकि यह व्यक्ति के अपने परिवार से शुरू होती है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि महिलाओं को अन्य महिलाओं की सराहना करनी चाहिए तभी महिलाएं महिलाओं को सशक्त बना सकती हैं और कुछ समय सिर्फ अपने लिए निकाल सकती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को उनकी विशेषताओं पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी सराहना की।महिला प्रकोष्ठ ने सुंदरता से परे, एक सशक्त महिला विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। 34 छात्राओं ने अपने विचार भाषण द्वारा साझा किए। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. एंथोनिमा रॉबिन थीं। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. तुहिना जौहरी और डॉ. रश्मि पतरस थीं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन अनुश्री सोनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अर्चना पसारी और डॉ. सोमा गुहादास के साथ अदिति अग्रवाल, सिमरन और मालविका अग्रवाल का सहयोग रहा।



# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा गंगा जल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले दिन जबलपुर उत्तरमध्य के विधायक डॉ.अभिलाष पाण्डेय प्रयागराज महाकुंभ के संगम तट से लाए गए माँ गंगा के पावन जल का कलश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को प्रदान किया। इस पुण्य कार्य ने मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम दिवस को आध्यात्मिक बना दिया। इसके साथ ही डॉ अभिलाष पांडे ने विधानसभा में अन्य सभी मंत्री ,विधायक एवं विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल प्रदान किया। गौरतलब है कि जबलपुर उत्तर मध्य विधायक डॉ अभिलाष पांडेय पिछले सात दिनों से अपनी



विधानसभा मैं प्रयागराज महाकुंभ से लाया गंगा जल वितरण कर रहे है विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर मैं कुष्ठ रोगी आश्रम, वृद्ध आश्रम,अनाथ आश्रम ,केंद्रीय जेल ,हॉस्पिटल सहित लगभग पचास हज़ार घर तक गंगा जल स्वयं ने वितरण किया। डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू होने वाला विधानसभा का सत्र प्रदेश के सुख, शांति ,समृद्धि और विकास के लिए नए आयाम स्थापित करे ऐसी मां गंगा से प्रार्थना करता हूं और सभी सुखी और निरोगी रहें इसलिए मां गंगा के आशीर्वाद स्वरूप गंगाजल को लेकर आया हूं।

## सहायक शिक्षकों को 5400 रुपये का ग्रेड पे दिया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात 4200रूप्ये का ग्रेड पे दिया जा रहा है जबकि उन्हे 5400रू का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए वहीं जो उच्चश्रेंणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हे 6600 रू. का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों में सिर्फ एक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों? ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन अनिमित्ताओ की वजह से सहायक शिक्षकों में रोष बना हुआ है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरें, दिनेष गौड़, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सिंह ठाकुर, फिलिप अन्थोनी, गोपीषाह, एनोस विक्टर,आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है।

# इतिहास की सच्चाई छिपाई गई : मरकाम

## जनजाति गौरव दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर।** गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्जुन सिंह मरकाम, प्रांत सचिव वनवासी कल्याण आश्रम महाकौशल प्रांत, मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, डॉ संतोष जाटव जी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ विशाल बन्ने, संचालक खेल विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर रहे। मुख्य वक्ता अर्जुन सिंह मरकाम ने कहा कि, इस कार्यक्रम का उद्देश्य रानी दुर्गावती जी 500वीं जयंती और भगवान बिरसा मुंडा जी कि 150वीं जयंती पर जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कतिपय कारणों से इस इतिहास कि घोर उपेक्षा की गई तथा तथ्यो को छिपाने का षड्यंत्र रचा गया। पहला विरोध तिलका मांझी ने सन् 1780मे अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध किया। इन सभी छिपाये गये इतिहास को देखें उसपर शोध हो, जिससे कि सच्चा इतिहास सामने आये। जनजातीय समाज में ही स्त्री पुरुष समान रूप संघर्ष करते रहे हैं। भगोरिया पर्व के बारे में विद्यार्थी को गलत जानकारी दी जाती है। वन अधिनियम से भी जनजाति समुदाय का रोजगार और व्यवसाय छीन लिया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन डॉ सुनील देशपांडे ने किया।







# शांति और आनंद की खोज भी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी

**जबलपुर।** महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में ओशो अनुज स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती का एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेट कोर ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका सम्मान किया। सद्गुरू देव ने ओशो के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की कॉलेज के प्राचार्य द्वारा उनका पुष्पहारों एवं शॉल से स्वागत किया स्वागत के पश्चात सद्गुरू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं वह स्वर्णिम भविष्य देख रहा हूँ जब शांति और आनंद की खोज को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा, इसमें ध्यान आनंदित जीवन की कला ओंकार और मृत्यु की कला जैसी महात्वपूर्ण चीजें होंगी, उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे स्कूल और कॉलेजों में जो शिक्षा दी जाती है वह केवल जीवकोपार्जन के लिए होती है, जो सिर्फ हमारे उदर की पूर्ति करता है, हम भूल जाते हैं कि हमारे पास एक मन भी है जो हमेंशा नए-नए अनुभव चाहता है, इसके बाद हमें रिश्तों की आवश्यकता है, हमें प्रेम चाहिए, हमें किसी को प्रेम करना और हमें भी प्रेम प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जबलपुर हॉस्पिटल प्रेक्षागृह में विश्व महिला दिवस मनाया गया

**जबलपुर।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की जबलपुर की ईकाई के तत्वावधान में विश्व महिला दिवस पर जबलपुर हॉस्पिटल प्रेक्षागृह में कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृ महिला शक्ति का सम्मान करना चाहिये, क्योंकि यह शक्ति आपको एवं आपके परिवार को संभाल कर रखती है। परिवार ही नहीं अपितु अपने शहर, प्रदेश, देश को भी संभाल रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति वह शक्ति है जो कि समय पड़ने पर दुर्गा एवं काली का स्वरूप भी बन सकती है। इस अवसर पर जबलपुर हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा धीरावाणी ने भारतीय मजदूर संघ की महिला सशक्तिकरण इकाई का धन्यवाद ज्ञापित किया, उन्होंने कहा कि महिलाओं को अबला नहीं सबला बनने की नितांत आवश्यकता है। विश्व महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर हास्पिटल महिला कर्मचारियों को तीन अलग-अलग पालियों में आत्म रक्षा हेतु कराते का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा धीरावाणी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा अहिरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी राहुल सिंह, दिनेश उसरेठे, अमर ग्रावकर, सी.के. ठाकुर, तथा पैथोलॉजी मैनेजर रिचा मिश्रा, नर्सिंग मेट्रन सोनी सुरेश उपस्थित रहीं।





## 200 बच्चों को रंग, पिचकारी व होली की शुभकामनाएं दी

**जबलपुर।** अनु आनंद आश्रय फाउंडेशन ने 3 मार्च को पनागर में 200 से अधिक बच्चों के बीच होली के रंगों का वितरण किया। सदस्यों ने बच्चों को रिफ्रेशमेंट, पिचकारियाँ, रंग और सामग्री वितरित की ताकि उनकी होली यादगार हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराज, आनंद, गीतांजलि, अभिषेक दुबे, गीता गुरु, कीर्ति, प्रेरणा जड़वानी, अर्पिता पॉल, शुभम जायसवाल, रोहित, दुर्गेश आदि उपस्थित रहे।

## ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने महिला दिवस को अनूठे तरीके से मनाया

**जबलपुर।** ग्लोबल परिवार ने महिला दिवस मनमोहन नगर बस्ती में रहने वाली माताओं और बच्चियों के साथ मनाया। उद्देश्य था कि वहाँ रहने वाली बच्चियों एवं माताओं को शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाए। उनको समझाया जाए की शिक्षित महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। महाविद्यालय की एचआर हेड डॉ. निहारिका यादव ने अपने उद्बोधन भाषण के माध्यम से माताओं को ये संदेश दिया कि उन्हें अपनी बच्चियों को पढ़ाना है ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और अपना भविष्य सवार सकें। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। माताओं एवं बच्चियों को बहुत सारे खेल खिलवाये गए, महिला शिक्षा एवं उत्थान से संबंधित पुस्तकें बांटी गईं। साथ ही मिठाई एवं स्वल्पाहार भी बाँटा गया। संस्था के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वुमेन सेल की संयोजक प्रो. वंदना पाठक, डॉ. ममता समेल, प्रियंका सिंह, एनसीसी ऑफिसर डॉ. जसपाल बग्गा, सपन मौर्य उपस्थित थे।





## सेंट मैरी स्कूल में महिला दिवस मनाया गया

**जबलपुर।** सेंट मेरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों की मदर्स को अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वरी कोटा और रेनू सूरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत शिक्षकों द्वारा स्वागत गीत से किया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों की मदर्स को उनके व्यस्त रुटीन से बाहर निकाल कर कुछ सुकून के पल देना था। हिंदी शिक्षिका पूनम शिवहरे द्वारा महिला सशक्तिकरण पर कविता का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में महिला अतिथियों के लिए रैम्प वॉक, डांस काम्पटीशन, सोंग कॉम्पटीशन एवं मनोरंजन गेम्स रखे गए। मम्मियों ने अपने बच्चों के साथ मदर सॉन्ग पर नृत्य की प्रस्तुति दी, तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभी ने विभिन्न काम्पटीशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कार्यक्रम को ऊर्जा से भर दिया।

# डीवीआर सर्जरी ने मरीज को दिया नया जीवन

## गैलेक्सी हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से निकाला जटिल हृदय समस्या का हल

**जबलपुर।** उखरी रोड स्थित गैलेक्सी सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से सर्जरी करते हुए 46 वर्षीय महिला की जान बचाई। चिकित्सकों ने बताया कि कटनी निवासी महिला को विगत एक महीने से चलने में सांस फूलना, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट, बेचैनी जैसी समस्याएं हो रही थीं। इन लक्षणों के आधार चिकित्सकों ने महिला पेशेंट की जांच की। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि पेशेन्ट का 2 डी ईको-कार्डियोलॉजी टेस्ट करने पर पता चला कि इनके हार्ट के दोनों वॉल्व खराब हो चुके हैं। ऐसे में परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट, डीवीआर सर्जरी की गई। यह एक विशेष प्रकार की ओपन हार्ट सर्जरी है, इसके लिए पूरी टीम ने अपने अनुभव व तकनीकी सुविधाओं के साथ ट्रीटमेंट किया। आज पेशेन्ट पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं पेशेन्ट का कहना है कि वे अब काफी अच्छा महसूस कह रही हैं। विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर सिंह चंदेल बताते हैं कि आमतौर पर लोग सांस फूलना, घबराहट या बेचैनी जैसी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते। यदि लगातार इस तरह की समस्याएं बनी रहें तो निश्चित तौर पर लोगों को चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। साथ ही लोग ओपन हार्ट सर्जरी के नाम से घबरा जाते हैं, आजकल तकनीकें इतनी एडवांस हो गई हैं कि इस तरह की सर्जरी में मरीज को किसी भी तरह की कोई तकलीफ नहीं होती।



## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो का स्वागत किया

**जबलपुर।** भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के निर्देशानुसार भारतीय जाता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो का 09 मार्च को जबलपुर नगर आगमन पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर ने मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो को भाजपा का अंगवस्त्र एवं मोती की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर महेंद्र पासी, संतोष झारिया, अजय अधिकार, प्रमोद चोहटेल, सतवीर सोनकर, आशीष अहिरवार, संतोष शर्मा, संदेश महाराज एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## महिला योग शिक्षकों को योगिनी अवार्ड प्रदान किया

**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भंवरताल गार्डन में प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ मध्य प्रदेश जबलपुर के तत्वावधान में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला योग साधक महिला योग शिक्षकों को योगिनी अवार्ड प्रदान किया गया जिसमें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव स्मृति भवन सेवा केंद्र जबलपुर में पहुंचकर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया एवं योग साधना में गहन अनुभूति भी की तथा ईश्वरीय सौगात भी प्राप्त की। कार्यक्रम में निशा पाठक, प्रतिभा उपाध्याय, गणेश उपाध्याय, शीला कुशवाहा, ममता देवी सिंह, हंसो मेहरा, गीता त्रिवेदी, सेवानिवृत्त डीएसओ गुंजन श्रीवास्तव, जबलपुर संघ की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष धर्मशीला दुबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश तिवारी एवं डॉक्टर गणेश राठौढ़ उपस्थित रहे।



**CHANGE OF DATE OF BIRTH**
I, ARMY NO. JC-390532X RANK SUB NAME SHAMULAILATPAM PREMJIT SHARMA S/O LATE SHAMULAILATPAM NIMAI SHARMA OF UNIT 1 TTR, (1 STC), JABALPUR (MP) I, have changed date of birth of my DAUGHTER from 24/03/2007 (date of birth as per my Army service records) to 23/03/2007 (date of birth as per my DAUGHTER, AADHAR CARD, BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 10/03/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT DATE OF BIRTH 23/03/2007
INCORRECT DATE OF BIRTH 24/03/2007

**In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court,Jabalpur**
**Presiding Officer: अंकिता शाही**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/ 0000034/2025)
संदीप सिंह होरा....आवेदक Vs श्रीमान प्रबंधक महोदय श्रीराम फाइनेंस प्रा. लि.....अनावेदक
Process Id-/2025 पेशी दिनांक :-09/04/2025
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र. (1) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप सिंह होरा पता निवासी-16, आदर्श नगर, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर ने मृतक भूपेन्द्रपाल सिंह होरा निवासी B 1703 नंदन इनस्पेरा वाकड पुणे की श्रीमान प्रबंधक महोदय श्रीराम फाइनेंस प्रा. लि. पता-श्याम टॉकीज रोड सुपर मार्केट बाबूलाल बर्तन भण्डार के उपर प्रथम तल जिला जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09 April 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 April 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 03 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मुद्रा न्यायाधीश (श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।